दिन–बुधवार दिनांक– 04/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में दिल्ली की सीबीआई अदालत ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राजद सांसद मीसा भारती को जमानत दे दी है। पचास हजार रूपये के मुचलके पर सभी की जमानत दी गयी। अब इस मामले की अगली सुनवाई सोलह अक्टूबर को होगी। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार चार से दो हजार नौ तक यूपीए सरकार में रेल मंत्री रहते हुये राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद पर रेलवे में नौकरी देने के बदले जमीन लेने का आरोप है।

————————————————————————

हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने जातीय गणना की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े किये हैं। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि वर्ष उन्नीस सौ इकतीस की जातीय जनगणना में राज्य में यादव जाति की आबादी चार प्रतिशत से कुछ अधिक थी और इस बार की रिपोर्ट में यादव जाति की आबादी चौदह प्रतिशत से अधिक है। वहीं, वर्ष उन्नीस सौ इकतीस के आंकड़ों से तुलना करने पर कई जातियों की जनसंख्या में गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि इस बार हुई जातीय गणना में यादव की सभी उपजातियों को एक साथ मिला दिया गया जबकि कई अन्य जातियों की उपजाति की अलग–अलग गणना की गयी है।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून पूरी तरह सक्रिय है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गयी। सबसे अधिक रोहतास के दिनारा में एक सौ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश की आशंका है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, खगड़िया, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, भागलपुर, मुंगेर, नालंदा और गया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है।

————————————————————————

नेपाल के तराई क्षेत्र और राज्य में हो रही लगातार बारिश के कारण गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, गंगा और सोन नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण जिले में गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। आज सुबह वाल्मीकिनगर गंडक बराज से नदी में एक लाख तेईस हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा गया। बराज के सभी छत्तीस फाटक खोल दिये गये हैं। जिला प्रशासन ने अधिकारियों को किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिये हैं। वहीं, कैमूर जिले के कई हिस्सों में बाढ़ के हालात हैं। जिले से होकर गुजरने वाली कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां उफान पर हैं।

————————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। डेंगू मरीजों की संख्या सात हजार के आंकड़े को पार कर गयी है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान एक सौ निन्नयानवे नये मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें पटना में सबसे अधिक अड़सठ मामले मिले हैं। भागलपुर में सोलह, सारण में पंद्रह और भोजपुर में तेरह नए मामले मिले हैं। इधर, पटना में डेंगू से पन्द्रह महीने की एक बच्ची की एनएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

————————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक राजीव नंदन दांगी का पटना के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने गया जिले के गुरुआ विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरि सहनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत कई गणमान्य लोगों ने गहरी संवेदना जतायी है।

————————————————————————

चीन में खेले जा रहे एशियाई खेलों में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। भारत सोलह स्वर्ण पदक के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। वहीं, भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक सत्ताईस रजत और इकतीस कांस्य पदक समेत कुल चौहत्तर पदक जीते हैं। इससे पूर्व दो हजार अठारह के जकार्ता एशियाई खेलों में भारतीय दल ने कुल सत्तर पदक अपने नाम किये थे।

————————————————————————

आज डॉल्फिन संरक्षण दिवस है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पटना में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण और गंगा समभूमि प्रादेशिक केंद्र की ओर से गंगा नदी में डॉल्फिन संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए कार्यक्रम

आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और गैर–सरकारी संगठनों के एक सौ से अधिक विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।